प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का किया उद्‌घाटन : प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित कर वीरों को किया गया नमन।
2. नागपंचमी के अवसर पर मुख्यमंत्री ने आज गोरखपुर में प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित।
3. सुप्रीम कोर्ट ने नीट पीजी परीक्षा पर रोक लगाने से किया इंकार : तय तिथि 11 अगस्त को होगी परीक्षा।
4. रक्षाबंधन के अवसर पर 18 अगस्त की रात से 19 अगस्त की रात तक राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में महिलाओं को मिलेगी निःशुल्क यात्रा को सुविधा।

और

5. कांवड़ यात्रा के चलते मुरादाबाद में 10, 12 और 17 अगस्त को बंद रहेंगे सभी स्कूल–कॉलेज : नेशनल हाईवे 24 दिल्ली रोड पर 11 अगस्त को बंद रहेगी वाहनों की एंट्री।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का उद्‌घाटन कर वीरों को नमन किया। यह महोत्सव पूरे वर्ष मनाया जाएगा।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य वर्तमान और भावी पीढ़ियों को काकोरी की वीरगाथा और स्वतंत्रता सेनानियों की वीरता से प्रेरित करना है। इस महोत्सव में स्कूली बच्चे, किशोर और युवा विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा और प्रदेश में 4.50 करोड़ तिरंगे फहराने का बड़ा लक्ष्य रखा गया है। बाइट.........

*13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा का अभियान चलेगा। हर घर तिरंगा भारत की आन,  बान, शान का प्रतीक भारत का राष्ट्र ध्वज हर घर के अन्दर पहचाना जायेगा और ये कार्यक्रम युद्धस्तर पर चल रहा है। उत्तर प्रदेश में साढ़े 4 करोड़ हर घर के ऊपर फहराने के पूरे लक्ष्य के साथ हम लोग आगे बढ़ रहे है और मुझे प्रसन्नता है कि यहां पर आगे बढ़े हैं और विभाग जिला प्रशासन सभी संस्थाएं मिलकर के इस कार्यक्रम के साथ जुड़ रही है।*

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के तहत योगी सरकार भारतीय रेलवे के सहयोग से काकोरी शौर्य गाथा एक्सप्रेस चलाएगी। यह विशेष ट्रेन अगले दो महीने तक पूरे प्रदेश में घूमेगी और लोगों को इस घटना के बारे में जानकारी देगी।

काकोरी ट्रेन एक्शन की सौवीं वर्षगांठ के मौके पर प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कानपुर में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नंदी ने 100 साइकिल सवार स्वयं सेवकों की

शहीद स्मृति यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जौनपुर कलेक्ट्रेट में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और बेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। फ़तेहपुर में प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान ने शताब्दी महोत्सव के अवसर पर शहीदों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारीजनों को सम्मानित किया। अयोध्या ज़िला जेल में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शहीद अशफाक उल्ला खान को श्रद्धांजलि दी।

———————————

प्रदेश भर में नाग पंचमी का त्यौहार आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मंदिरों में श्रद्धालु नाग देवता और भगवान शिव का पूजन कर रहे हैं। वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ, कैथी में मारकण्डेय महादेव, अयोध्या में नागेश्वरनाथ, गोरखपुर में झारखण्डी महादेव, बाबा मुंजेश्वरनाथ, देवरिया में दुग्धेश्वरनाथ, महेन्द्रानाथ सहित विभिन्न जिलों के शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की कतार लगी है। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिरों में रामलला चांदी के हिंडोले में विराजमान होकर दर्शन दे रहे हैं।

———————————

नागपंचमी के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरूष कुश्ती

प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में खेल व्यक्ति को स्वस्थ रखने के साथ–साथ भविष्य बनाने का माध्यम बन चुका है। प्रदेश सरकार ने ओलंपिक्स समेत नेशनल और वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भारत का नाम रौशन करने वाले पांच सौ से अधिक खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों में नौकरियां दी है। उन्होंने कहा कि ओलम्पिक में एकल गेम्स में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को छह करोड़, रजत पदक प्राप्त करने वाले को चार करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले दो करोड़ रुपये सम्मान राशि दे रही है। बाइट.....

*ओलंपिक एकल गेम में प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को हम प्रदेश सरकार की ओर से 6 करोड़ रुपये की नकद सहायता देते हैं। रजत पदक पर 4 करोड़ रुपये और कांस्य पदक पर 2 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराते है। एशियन गेम में स्वर्ण पदक का तीन करोड़, रजत पदक का डेढ़ करोड़ और कांस्य पदक पर 75 लाख रुपये की सहायता हम लोग प्रदेश सरकार की ओर से उपलब्ध कराते है। ऐसे ही स्टेट गेम्स औन नेशनल गेम्स में भी प्रदेश सरकार इन खिलाड़ियों को सम्मानित करने का कार्य करती है।*

————————————

सुप्रीम कोर्ट ने नीट पीजी परीक्षा पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। परीक्षा तय तिथि यानी 11 अगस्त को ही सम्पन्न कराई जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका में छात्रों ने परिणाम केंद्र आवंटन पर सवाल उठाते हुए परीक्षा स्थगित करने कीमांग की थी। इसपर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और

मनोज मिश्रा की पीठ ने आज सुनवाई कर परीक्षा स्थगित ना करने कानिर्देश दिया है।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि रक्षाबंधन के अवसर पर 18 अगस्त की रात से 19 अगस्त की रात तक राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में महिलाओं को निःशुल्क यात्रा को सुविधा दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में सभी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने त्यौहारों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने को कहा है।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ स सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

जिंगल

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए दश में हर घर तिरंगा अभियान आज से 15 अगस्त तक चलाया जायेगा। संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि वे घर पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। इस दौरान देशभर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और 13 अगस्त को संसद सदस्य और मंत्री तिरंगा बाइक रैली निकालेंगे। हर घर तिरंगा अभियान वर्ष 2022 में शुरू किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी प्रोफ़ाइल फोटो तिरंगे में बदल ली। श्री मोदी ने एक संदेश में लोगों को हर घर तिरंगा अभियान को एक बार फिर यादगार जन आंदोलन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने हर घर तिरंगा वबसाइट पर अपनी सेल्फी साझा कर स्वतंत्रता का जश्न मनाने का आग्रह किया है।

राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के हिस्से के रूप में भारतीय जनता पार्टी 11 से 13 अगस्त तक प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन करेगी।

————————

मुरादाबाद जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह ने कांवड़ यात्रा को देखते हुए 10, 12 और 17 अगस्त को मुरादाबाद

जनपद में महानगर, रामपुर रोड, काठ रोड और दिल्ली रोड के समस्त स्कूल–कालेजों में अवकाश घोषित किया है। इससे पहले 3 अगस्त को जारी आदेश में कक्षा 8 तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया था। आज जारी आदेश बेसिक शिक्षा परिषद समेत समस्त माध्यमिक विद्यालयों, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा से संबंधित जनपद की समस्त शिक्षण संस्थाओं और कोचिंग संस्थानों पर लागू होगा। जिलाधिकारी के मुताबिक, अगर किसी संस्था में किसी बोर्ड, विश्वविद्यालय या आयोग की ओर से पहले से कोई परीक्षा निर्धारित है, तो वह यथावत होगी। वहीं कांवड़ यात्रा के मद्देनजर नेशनल हाइवे–24 दिल्ली रोड पर दिल्ली जाने वाले छोटे बड़े सभी वाहनों पर रविवार 11 अगस्त सुबह 8 बजे से सोमवार 12 अगस्त सुबह 8 बजे तक पूरी तरह से रोक रहेगी। मुरादाबाद पुलिस अधीक्षक यातायात ने बताया कि रविवार को दिल्ली–नोएडा–गाजियाबाद जाने वाले वाहन कोहिनूर तिराहा से सिरसी–संभल–नरौरा–बुलंदशहर होते हुए दिल्लो को जाएंगे। दिल्ली–मुरादाबाद हाईवे नंबर–9 मार्ग प्रतिबंधित रहेगा क्योंकि बृजघाट गढ़मुक्तेश्वर पर बने दोनों पुल का प्रयोग कांवडियों द्वारा किया जाएगा।

———————

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के भाजपा सांसदों ने आज संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र

मोदी से मुलाकात की। इन सांसदों ने संयुक्त रूप से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर व्यवस्था पर सर्वोच्च न्यायालय के सुझावों के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा।

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए भाजपा सांसद भोला सिंह ने कहा कि उनकी मांग है कि इस फैसले को लागू नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया है कि यह सिर्फ शीर्ष न्यायालय का एक सुझाव है।

———————————

अब बैंकों में कुछ ही घंटों में चेक क्लियर हो जायेंगे। आरबीआई गवर्नर शशिकान्त दास ने कहा कि अब चेक को स्कैन कर के क्लियरेंस के लिये भेजा जायेगा और कार्य दिवस के कुछ घंटों में ही चेक क्लियर हो जायेगा। इस सम्बन्ध में आरबीआई जल्द ही विस्तृत निर्देश जारी करेगा। श्री दास ने कहा कि आरबीआइ, यूपीआई भुगतान का दायरा बढ़ाना चाहता है। अब यपीआई से पांच लाख रूपये तक के टैक्स का भुगतान किया जा सकेगा। अभी एक लाख रूपये तक के ही टैक्स का भुगतान किया जा सकता है। इससे कारोबारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

———————————

पेरिस ओलिम्पिक में अमन सहरावत पुरूषों की 57 किलोग्राम भार वर्ग फ्री स्टाइल कुश्ती स्पर्धा में कांस्य पदक

के लिए प्यूर्टो रिको के डैरियन क्रूज़ से भिड़ेंगे। भारतीय समयानुसार यह मुकाबला रात नौ बजकर 45 मिनट पर शुरू होगा।

(समाप्त)